35 देश देखेंगे यूपी के छोटे उद्यमियों की ताकत

दिल्ली में 19 से 21 मार्च तक होगा आईआईए का बिल्ड भारत एक्सपो

अमर उजाला ब्यूरो

एक्सपो के बारे में जानकारी देते आईआईए के सदस्य। -एसोसिएशन

लखनऊ। यूपी के लघु उद्यमियों की क्षमता दुनिया के 35 देश देखेंगे। साथ ही देश के करीब 10 हजार कारोबारी भी यूपी की एमएसएमई इकाइयों की ताकत से रूबरू होंगे।

सूक्ष्म व लघु उद्यमियों (एमएसएमई) को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मंच देने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) दिल्ली के भारत मंडपम में बिल्ड भारत एक्सपो 2025 का आयोजन करने जा रहा है। ये आयोजन 19 से 21 मार्च तक होगा। 21 मार्च को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आमंत्रित किया गया है।

आईआईए भवन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने बृहस्पतिवार को आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि इसके जरिये औद्योगिक नवाचार व व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा देने और दुनिया के सामने भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो में 500 से अधिक स्टॉल पर औद्योगिक उत्पादों का प्रदर्शन होगा। एक्सपो में ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन मटेरियल सेक्टर पर खास फोकस होगा। इससे 15 हजार करोड़ रुपये के ऑफर और ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

एक मंच पर नेटवर्किंग के अवसर : नीरज ने बताया कि यूपी के एमएसएमई सेक्टर को सरकारी निकायों, उद्योग संघों और व्यापार जगत के बड़े समूहों के साथ बेहतरीन नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में काम करने का अवसर मिलेगा। एमएसएमई मंत्रालय सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए स्टॉल शुल्क में 80-100% तक सब्सिडी देगा। एक्सपो में उद्योग विकास, नवाचार और प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए छोटे उद्यमियों को बड़े अवसर मिलेंगे।

ये देश यूपी के उद्यमियों से होंगे रूबरू : एक्सपो में जापान, रूस, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया सहित 35 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल और ग्राहक शामिल होंगे। आईआईए 75 देशों के साथ उद्यमियों का डाटा शेयर करेगा।